>

Title: Need to start work on four-laning of NH-28 from Pipra in Bihar to Kasya in Uttar Pradesh and also construct a flyover on the Highway at Kamla Rai Chowk in Gopalganj district, Bihar.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): हमारे संसदीय क्षेत्र बिहार राज्य के गोपालगंज में एन.एच. 28 पिपरा से कसेया, उत्तर प्रदेश जाने वाली फोरलेन सड़क बन रही है। उसमें पैकेज 9 का कार्य संवेदक पी.सी.एल. कंपनी को दिया गया है इस कंपनी के द्वारा किया किया कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं है। इसकी जांच कराई जाये तथा यह कार्य दो वर्षों से बंद है। इस पथ में कमला राय चौक पर एक फ्लाई ओवर निर्माण की आवश्यकता है। कारण यह है कि पी.डब्ल्यू0डी0 सड़क पश्चिम चंपारण, बेतिया से गोपालगंज शहर होते हुए सीवान जाती है। अगर फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं होता है, तो शहर के लोगों का आवागमन बाधित हो जाएगा।

मैं माननीय मंत्री सड़क परिवहन से मांग करता हूं कि कमला राय चौक पर फ्लाइ ओर निर्माण के साथ-साथ पैकेज 9 फोर लेन सड़क का निर्माण कराने का कष्ट करें और पूर्व के हुए कार्य की भी जांच करावें।